भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +4**791**
सोमवार, **22** जुलाई, 2019/**31** आषाढ़, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

धार्मिक पर्यटन स्थलों का विकास

**+4791.** श्री अब्दुल खालेकः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की धार्मिक पर्यटन स्थलों के विकास की कोई योजना/रणनीति है;
(ख) असम सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार देश के धार्मिक पर्यटन स्थलों के विकास में खर्च की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने असम के धार्मिक पर्यटन स्थलों का विकास करने के लिए उनकी पहचान की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या सरकार का बारपेटा एचपीसी क्षेत्र में बारपेटा कीर्तन घर, बोंगाईगांव बागेश्वनी मंदिर, सतरास, मजारों/दरगाहों और अन्य मंदिरों जैसे धार्मिक पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए पर्याप्त धनराशि प्रदान करने का विचार है**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (घ) : धार्मिक पर्यटक स्थलों का विकास सम्बन्धित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों की जिम्मेदारी है। तथापि पर्यटक मंत्रालय तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यतात्मक संवर्धन अभियान (प्रशाद) तथा "देश में थीम आधारित पर्यटक परिपथों का एकीकृत विकास, स्वदेश दर्शन (एसडी)" नामक योजनाओं के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों द्वारा उपयुक्त डीपीआर प्रस्तुत किए जाने पर निधियों की उपलब्धता, पूर्व में जारी निधियों के लिए लम्बित उपयोगिता प्रमाण-पत्र के परिसमापन और संगत योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन की शर्त पर तीर्थस्थानों के अवसंरचना विकास और सौंदर्यीकरण हेतु केन्द्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

इन योजनाओं के तहत पर्यटन मंत्रालय द्वारा असम सहित अन्य राज्यों को स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण अनुबंध में दिया गया है।

*******

अनुबंध

धार्मिक पर्यटन स्थलों का विकास के सम्बन्ध में दिनांक 22.07.2019 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. +4791 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में विवरण

क. प्रशाद योजना के तहत अनुमोदित परियोजनाओं का ब्यौरा (करोड़ रु. में)

| क्र.सं. | राज्य | परियोजना की संख्या | परियोजना का नाम | स्वीकृति का वर्ष | अनुमोदित लागत | जारी राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चालू परियोजनाओं की सूची | | | | | | |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 1 | पर्यटक गंतव्य के रूप में अमरावती टाउन, गुंटूर जिला का विकास | 2015-16 | 28.36 | 22.69 |
| | | 2 | श्रीसेलम मंदिर का विकास | 2017-18 | 47.45 | 37.96 |
| 2 | असम | 3 | गुवाहाटी में कामाख्या मंदिर और इसके आस**पास तीर्थ गंतव्य का विकास** | 2015-16 | 30.71 | 22.03 |
| 3 | बिहार | 4 | विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2014-15 | 4.27 | 2.91 |
| | | 5 | पटना साहेब का विकास | 2015-16 | 41.54 | 33.23 |
| 4 | गुजरात | 6 | द्वारका का विकास | 2016-17 | 26.23 | 6.85 |
| | | 7 | सोमनाथ में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास | 2016-17 | 37.44 | 26.51 |
| | | 8 | प्रशाद योजना के अन्तर्गत सोमानाथ में प्रोमेनाड का विकास | 2018-19 | 44.59 | 13.77 |
| 5 | जम्मू एवं कश्मीर | 9 | हजरतबल का विकास | 2016-17 | 42.02 | 25.45 |
| 6 | केरल | 10 | गुरूवायुर मंदिर का विकास | 2016-17 | 46.14 | 36.91 |
| 7 | मध्य प्रदेश | 11 | ओंकारेश्वर का विकास | 2017-18 | 40.67 | 20.34 |
| 8 | महाराष्ट्र | 12 | त्रिम्बकेश्वर का विकास | 2017-18 | 37.81 | 8.49 |
| 9 | ओडिशा | 13 | मेगा परिपथ के तहत पुरी, श्री जगन्नाथधाम - रामचंडी देवली | 2014-15 | 50.00 | 10.00 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | में प्राची रिवर फ्रंट में अवसंरचना विकास | | | |
| 10 | राजस्थान | 14 | पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास | 2015-16 | 40.44 | 19.41 |
| 11 | तमिलनाडु | 15 | कांचीपुरम का विकास | 2016-17 | 16.48 | 13.18 |
| | | 16 | वेलानकनी का विकास | 2016-17 | 5.60 | 4.48 |
| 12 | उत्तराखंड | 17 | केदारनाथ का एकीकृत विकास | 2015-16 | 34.78 | 27.83 |
| | | 18 | प्रशाद योजना के तहत बद्रीनाथ धाम (उत्तराखण्ड) में तीर्थयात्रा सुविधा हेतु अवसंरचना विकास | 2018-19 | 39.24 | 11.77 |
| 13 | उत्तर प्रदेश | 19 | मेगा पर्यटक परिपथ (चरण-II) के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास | 2014-15 | 14.93 | 10.38 |
| | | 20 | वृंदावन, जिला मथुरा में पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण | 2014-15 | 9.36 | 7.36 |
| | | 21 | वाराणसी का विकास | 2015-16 | 20.40 | 16.32 |
| | | 22 | गंगा नदी, वाराणसी में क्रूज पर्यटन | 2017-18 | 10.72 | 5.14 |
| | | 23 | प्रशाद योजना-II के अन्तर्गत वाराणसी का विकास | 2017-18 | 44.60 | 18.46 |
| | | 24 | गोवर्दन, मथुरा, उत्तर प्रदेश में अवसंरचना सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 39.74 | 08.01.2019 को प्रशासनिक स्वीकृति |
| 14 | पश्चिम बंगाल | 25 | बेलूर का विकास | 2016-17 | 30.03 | 23.39 |
| 15 | झारखंड | 26 | वैदनाथजी धाम, देवघर का विकास | 2018-19 | 39.13 | 24.01.2019 को केवल प्रशासनिक अनुमोदन |
| 16 | नागालैंड | 27 | नागालैंड में तीर्थस्थल और अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 25.26 | 03.02.2019 को केवल प्रशासनिक अनुमोदन |

| पूर्ण परियोजनाओं की सूची | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | पंजाब | 28 | अमृतसर में करूणा सागर वाल्मिकी स्थल का विकास (अप्रैल 2018 में पूर्ण) | 2015-16 | 6.40 | 6.40 |
| | | | कुल | | **854.34** | **431.26** |

(ख). स्वदेश दर्शन योजना के अन्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं के ब्यौरे

(करोड़ रु. में)

| क्र. .सं | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र | परिपथ का नाम | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | जारी राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष **2016-17** | | | | | |
| **1.** | मध्य प्रदेश | बौद्ध परिपथ | मध्य प्रदेश में सांची-सतना-रीवा-मंदसौर-धार में बौद्ध परिपथ का विकास। | **74.94** | **54.51** |
| **2.** | केरल | आध्यात्मिक परिपथ | पथनामथिट्टा जिला, केरल में आध्यात्मिक परिपथ के रूप में सबरीमाला-एरूमेलि-पम्पा-सन्नीधानम का विकास। | **99.99** | **20.00** |
| **3.** | मणिपुर | आध्यात्मिक परिपथ | आध्यात्मिक परिपथ - श्रीगोविंदजी मंदिर- श्रीबिजय गोविंदजी मंदिर-श्रीगोपीनाथ मंदिर- श्रीबंगशीबोदन मंदिर-श्रीकैना मंदिर, मणिपुर का विकास। | **53.80** | **40.14** |
| **4.** | हरियाणा | कृष्णा परिपथ | कुरूक्षेत्र, हरियाणा में महाभारत से संबंधित स्थानों में पर्यटन अवसंरचना का विकास। | **97.35** | **70.60** |
| **5.** | राजस्थान | कृष्णा परिपथ | राजस्थान में गोविन्द देव जी मंदिर (जयपुर), खाटू श्याम जी (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का एकीकृत विकास। | **91.45** | **45.72** |
| **6.** | केरल | आध्यात्मिक परिपथ | केरल में आध्यात्मिक परिपथ के रूप में श्री पदमनाभ अरनामुला - सबरीमाला का विकास। | **92.22** | **72.42** |
| **7.** | बिहार | तीर्थंकर परिपथ | बिहार में तीर्थंकर परिपथ : वैशाली-आरा-मसाद-पटना-राजगीर-पावापुरी-चंपापुरी का विकास। | **52.39** | **26.19** |
| **8.** | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ | बिहार में आध्यात्मिक परिपथ के अंतर्गत कांवड़िया रूट, सुल्तानगंज-धर्मशाला - देवघर का एकीकृत विकास। | **52.35** | **26.17** |
| **9.** | उत्तर प्रदेश | बौद्ध परिपथ | उत्तर प्रदेश में श्रावस्ती, कुशीनगर एवं | **99.97** | **45.03** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | कपिलवस्तु में बौद्ध परिपथ का विकास। | | |
| **10.** | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ | उत्तर प्रदेश में चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का रामायण परिपथ के रूप में विकास। | **69.45** | **52.17** |
| **11.** | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ | आध्यात्मिक परिपथ (शाहजहांपुर- बस्ती- अहर- अलीगढ़-कासगंज- सरोसी- प्रतापगढ़- उन्नाव- कौशाम्बी- मिर्जापुर- गोरखपुर- कैराना- डुमरियागंज- बागपत- बाराबंकी-आजमगढ़) का विकास। | **68.39** | **54.71** |
| **12.** | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के तहत उत्तर प्रदेश में आध्यात्मिक परिपथ -।। (बिजनौर-मेरठ-कानपुर-कानपुर देहात-बांदा-गाजीपुर-सलेमपुर-घोसी-बलिया-अम्बेडकर नगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा-सोनभद्र-चन्दौली-मिश्रिख-भदोही) का विकास। | **63.77** | **50.33** |
| **13.** | बिहार | बौद्ध परिपथ | बौद्ध परिपथ का विकास-बोधगया, बिहार में, सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण। | **98.73** | **19.75** |
| **14.** | राजस्थान | आध्यात्मिक परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के तहत राजस्थान में आध्यात्मिक परिपथ - चुरू (सालासर बालाजी) - जयपुर (श्री समोदे बालाजी, घटके बालाजी, बांधेके बालाजी) -अलवर (पांडुपोल हनुमानजी, भरतहरि) - विराटनगर (बीजक, जैन्नासिया, अम्बिका मंदिर)- भरतपुर (कमान क्षेत्र)- धौलपुर (मुचकुंद) -मेहंदीपुर बालाजी - चित्तौड़गढ़ (साँवलियाजी) का विकास। | **93.90** | **46.95** |
| वर्ष **2017-18** | | | | | |
| **15.** | गुजरात | बौद्ध परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के तहत गुजरात में बौद्ध परिपथ : जूनागढ़- गिर-सोमनाथ-भड्रूच-कच्छ- भावनगर-राजकोट- मेंहसांणा का विकास। | **35.99** | **7.20** |
| **16.** | पुदुच्चेरी | आध्यात्मिक परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के तहत पुदुच्चेरी में आध्यात्मिक परिपथ का विकास। | **40.68** | **19.26** |
| **17.** | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ | स्वदेश योजना के आध्यात्मिक परिपथ थीम के तहत मंदार पहाड़ी एवं अंग प्रदेश का विकास। | **53.49** | **10.70** |
| **18.** | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के रामायण परिपथ थीम के अंतर्गत अयोध्या का विकास। | **133.31** | **66.65** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **19.** | आंध्र प्रदेश | बौद्ध परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के बौद्ध परिपथ थीम के तहत आंध्र प्रदेश में बौद्ध परिपथः शलिहुण्डम-थोटलाकोण्डा-बावीकोण्डा- बोज्जनाकोण्डा - अमरावती-अनुपू का विकास। | **52.34** | **10.47** |
| वर्ष **2018-19** | | | | | |
| **20.** | महाराष्ट्र | आध्यात्मिक परिपथ | महाराष्ट्र में वाकी- अडासा- धापेवाड़ा-पराडसिंहा- छोटा ताज बाग-तेलानखांडी- गिराड का विकास। | **54.01** | **0.00** |
| **21.** | उत्तर प्रदेश | अध्यात्मिक परिपथ | उत्तर प्रदेश में जेवर- दादरी-सिकंदराबाद- नोएडा - खुर्जा- बांदा का विकास। | **14.52** | **0.00** |
| **22.** | केरल | आध्यात्मिक परिपथ | शिवगिरि श्री नारायण गुरु आश्रम - अरुविपुरम - कुन्नुमपारा श्री सुब्रमण्या - चेम्बनझांति श्री नारायण गुरुकुलम का विकास। | **69.47** | **0.00** |
| **23.** | केरल | आध्यात्मिक परिपथ | कासारागोड, वायनाड, कन्नूर, कोझिकोड, पल्लक्काड़, मल्लपुरम, त्रिचूर, एर्णाकुलम, इडुक्की, कोट्टयम, अल्लपुझा, पथानमथिट्टा, कोल्लम, त्रिवेंद्रम का विकास। | **85.23** | **0.00** |
| **24.** | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपाटन मंदिर (बलरामपुर) तथा वटवासिनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास। | **21.16** | **0.00** |
| | | | कुल | **1668.90** | **738.97** |

*******